मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
# उत्तरशक्ति
हिन्दी दैनिक
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 317
बुधवार, 11 जून 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## आतंक ने धर्म चुना, भारत ने कर्म चुना: राजनाथ सिंह

**देहरादून, 10 जून।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक सशक्त संदेश में कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर नागरिकों को निशाना बनाया, जबकि भारत ने आतंकवादियों को उनके कर्मों के आधार पर जवाब दिया। देहरादून में एक कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, आतंकवादियों ने पहलगाम में लोगों को उनका धर्म पूछकर मारा; हमने उनका धर्म नहीं पूछा, बल्कि उनके कर्म देखकर जवाब दिया। भारत की रक्षा रणनीति के बारे में बात करते हुए सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साहसिक और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का रक्षा क्षेत्र उल्लेखनीय रूप से आयात-संचालित मॉडल से विश्वसनीय वैश्विक निर्यातक बन गया है। सिंह ने कहा, हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने इस बदलाव को देखा। 22 अप्रैल को, पाकिस्तान से जुड़े पाए गए आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप 26 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर भारत के इतिहास में आतंकवाद के खिलाफ की गई सबसे बड़ी कार्रवाई थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला न केवल भारत के लोगों पर हमला था, बल्कि देश की सामाजिक एकता पर भी हमला था। देहरादून में एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में लोगों से उनका धर्म पूछकर उनकी हत्या की, लेकिन हमने उनका धर्म नहीं पूछा, बल्कि उनके कर्म देखकर जवाब दिया।

सिंह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के घेरे को मजबूत किया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हर मामले में हमने सरकार के रवैये और काम करने के तरीके दोनों को बदला है। हालमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने इस बदलाव को देखा।

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने छह मई की रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ढांचों को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

पाकिस्तानी हमलों के बाद की सभी जवाबी कार्रवाई इसी ऑपरेशन के तहत की गई। सिंह ने इसे भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई के तौर पर बड़ी और कड़ी कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा, यह (ऑपरेशन सिंदूर) भारतीय इतिहास में आतंकवाद के खिलाफ की गई सबसे बड़ी कार्रवाई थी, मैं यह दृढ़ता से कह सकता हूं।

## लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करें, मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, 10 जून।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे लोकसभा के उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे लोकसभा के उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को मेरा पत्र, बिना किसी देरी के लोकसभा के उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने की आवश्यकता पर। पहली से सोलहवीं लोकसभा तक, हर सदन में एक उपाध्यक्ष रहा है। मोटे तौर पर, मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों में से उपाध्यक्ष की नियुक्ति एक सुस्थापित परंपरा रही है।



खड़गे ने आगे कहा कि हालांकि, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए रिक्त रहा है। सत्रहवीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था, और यह चिंताजनक मिसाल मौजूदा अठारहवीं लोकसभा में भी जारी है। यह भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं है और संविधान के सुविचारित प्रावधानों का भी उल्लंघन है। उन्होंने कहा, ₹भारत के संविधान के अनुच्छेद 93 में लोक सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के चुनाव का प्रावधान है। संवैधानिक रूप से, उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के बाद सदन का दूसरा सबसे बड़ा पीठासीन अधिकारी होता है। खड़गे ने कहा कि परंपरागत रूप से, उपसभापति का चुनाव नवगठित लोकसभा के दूसरे या तीसरे सत्र में किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव की प्रक्रिया अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया के समान ही है, केवल अंतर यह है कि उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथि लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 8(1) के अनुसार अध्यक्ष द्वारा तय की जाती है।

## नदी में डूबने से आठ युवकों की दर्दनाक मौत, सीएम भजनलाल शर्मा जताया दुख

**टोंक, 10 जून।** राजस्थान के टोंक जिले में मंगलवार को बनास नदी में डूबने से आठ युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये लोग नदी में तैरने गए थे, लेकिन यह मजेदार सैर एक भयानक त्रासदी में बदल गई। शुरूआती रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मृतक टोंक और जयपुर जिले के अलग-अलग इलाकों से थे। प्रत्यक्षदर्शियों और अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की मदद से घंटों की तलाशी के बाद सभी शवों को बरामद कर लिया। खबर फैलते ही माहौल गमगीन हो गया और जिला अस्पताल के बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई, जहां शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। राजस्थान के सीएम



भजनलाल शर्मा का ट्वीट किया कि टोंक जिले में स्थित बनास नदी में युवकों की डूबने से हुई मृत्यु का समाचार अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को त्वरित रूप से रेस्क्यू एवं राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति दें। इन सभी युवकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। हादसा बनास नदी पुराने पुल के पास कच्चा बंधा के समीप हुआ। उन्होंने बताया कि तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया गया। एक अधिकारी के अनुसार ये जयपुर के हसनपुरा इलाके के रहने वाले थे।

## बड़ा मंगल : आस्था की तपिश ने चिलचिलाती धूप को भी किया परास्त

- **सूरज की तेजी नहीं रोक सकी श्रद्धालुओं का जोश, मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, हर ओर गूंजे जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारे**
- **शहर से गांव तक भक्ति की लहर, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, जगह-जगह भंडारों का आयोजन**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** ज्येष्ठ मास का अंतिम और पांचवां बड़ा मंगल मंगलवार को श्रद्धा, उत्साह और भक्ति की भव्य तस्वीर बनकर सामने आया। सूरज की तपिश हो या उमस की परेशानी, कहीं भी भक्तों की आस्था में कमी नहीं दिखी। सुबह तड़के से ही मंदिरों



के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। दिनभर लगी रही भक्तों की भीड़, शंखनाद, मंगल आरती और जयकारों से गूंजे मंदिर. हर गली-मोहल्ले में लगे भंडारे, भक्तों ने बांटा प्रसाद. धार्मिक आयोजनों में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की रही खास भागीदारी. शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों, जैसे रोवनवा प्राचीन हनुमान मंदिर, पांडेयपुर, महाबीर मंदिर अर्दलीबाजार, संकट मोचन मंदिर, लंका, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर और नगर के मुख्य बजरंगबली मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंगल आरती, शंखनाद और ढोल नगाड़ों के साथ जय श्रीराम और बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे। मंदिरों के प्रांगण से लेकर घर-घर तक भक्तों ने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। बजरंगबली की विशेष पूजा-अर्चना और श्रृंगार के बाद भक्तों ने आरती उतारी और प्रसाद चढ़ाया। भंडारों में उमड़ी भीड़, जनप्रतिनिधियों ने बांटा प्रसाद हर मोहल्ले, मंदिर और चौक-चौराहों पर श्रद्धालुओं की सेवा में भंडारे लगाए गए। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि भी आयोजन स्थलों पर पहुंचे और प्रसाद वितरण में सहभागिता की। रोवनवा प्राचीन हनुमान मंदिर, पांडेयपुर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आस्थावानों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर भाजपा के महानगर महामंत्री जगदीश त्रिपाठी, पार्षद मदन मोहन दुबे खजूरी, सचीन सिंह, सोनू राय, अमित सिंह, अजयकांत दुबे, विजय यादव बल्लू, बृजेश दुबे, हरि यादव, हृदय गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

## नीतीश-बीजेपी ने लॉ एंड ऑर्डर का अंतिम संस्कार कर दिया: लालू यादव

**पटना, 10 जून।** बिहार में बढ़ती अपराध दर पर बढ़ती चिंता के बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला किया और राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। लालू-राबड़ी के दौर में जंगल राज की नीतीश कुमार की लंबे समय से चली आ रही आलोचना पर कटाक्ष करते हुए राजद नेता ने कहा, नीतीश कुमार कहते थे कि लोग शाम 5 बजे के बाद अपने घरों से निकलने से डरते हैं। क्या ये सभी अपराध अब शाम 5 बजे के बाद हो रहे हैं? क्या वह हमें बता सकते हैं कि शाम 5 बजे से पहले दिनदहाड़े कितनी हत्याएँ हो रही



हैं? आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए लालू ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के तौर पर नीतीश कुमार के कार्यकाल में 65,000 से ज्यादा हत्याएँ हुई हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, क्या नीतीश कुमार को यह भी पता है कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, उनके शासन के दौरान 65,000 से अधिक हत्याएं हुई हैं? उन्होंने आगे नीतीश कुमार-भाजपा गठबंधन पर बिहार में कानून प्रवर्तन तंत्र को खत्म करने का आरोप लगाया। लालू ने आरोप लगाया, नीतीश-भाजपा ने न केवल कानून-व्यवस्था को नष्ट किया है - बल्कि उसे दफना दिया है। बिहार ने कभी इतना भ्रष्ट, उदासीन और सुस्त पुलिस बल नहीं देखा। उन्होंने सोमवार को पटना के आलमगंज इलाके में हुए दोहरे हत्याकांड का भी जिक्र किया, जहां एक ही परिवार के तीन सदस्यों को दिनदहाड़े गोली मार दी गई और बाद में दो लोगों की अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं राज्य में सार्वजनिक सुरक्षा की गंभीर स्थिति को दशार्ती हैं। लालू की यह टिप्पणी बिहार के एडीजी (मुख्यालय) कुंदन कृष्णन द्वारा एक प्रेस वार्ता के दौरान हत्या के मामलों में मामूली वृद्धि को स्वीकार करने के एक दिन बाद आई है। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिहार में 2024 में हत्या के मामलों का औसत मासिक 232 दर्ज किया गया, जो 2025 के पहले पांच महीनों में थोड़ा बढ़कर 233 प्रति माह हो गया है।

## द्वारका सेक्टर-13 की बिल्डिंग में लगी भीषण आग, दो बच्चों की मौत

**नई दिल्ली, 10 जून।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 में लगी भीषण आग के बाद एक इमारत की सातवीं मंजिल से कूदने की कोशिश कर रहे दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। आग शब्द अपार्टमेंट में लगी, जिसके बाद आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। कई लोग रिहायशी इमारत में फंस गए, जबकि आग ने पूरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। एमआरवी स्कूल के पास सेक्टर-13 में सबद अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लगने की खबर मिली है। अग्निशमन अधिकारियों ने



बताया कि आग में घायलों की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की, दोनों की उम्र 10 साल) खुद को बचाने के लिए बालकनी से कूद गए और उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

## पहलगाम हमले को लेकर ममता बनर्जी ने केंद्र पर साधा निशाना

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें देश की पश्चिमी सीमा पर आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य की सराहना की गई। हालांकि, पहलगाम आतंकी हमले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी के बाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में हंगामे की स्थिति देखने को मिली। प्रस्ताव में सशस्त्र बलों की राष्ट्र की सुरक्षा में उनके अटूट साहस के लिए सराहना की गई तथा इसे बिना किसी विरोध के पारित कर दिया गया।

एपी मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950






# भारतीय अध्यात्म जगत के महासूर्य हैं कबीर



-ललित गर्ग

संत कबीर जन्म जयन्ती– 11 जून, 2025

भारतीय संत परम्परा और संत-साहित्य में संत कबीर एक महान् हस्ताक्षर, समाज-सुधारक, अध्यात्म की सुदृढ़ परम्परा के संवाहक एवं अनूठे संत हैं। जब भारतीय समाज और धर्म का स्वरूप रूढ़ियों एवं आडम्बरों में जकड़ा एवं अधंकारमय था, एक तरफ मुसलमान शासकों की धर्मांधता से जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी और दूसरी तरफ हिंदुओं के कर्मकांडों, विधानों एवं पाखंडों से धर्म-बल का ह्रास हो रहा था, तब संत कबीर एक रोशनी बनकर समाज को दिशा दी। कबीर ने मानव चेतना के विकास के हर पहलू को उजागर किया। श्रीकृष्ण, श्रीराम, महावीर, बुद्ध, जीसस के साथ-ही-साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा में कबीर ने धर्म की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य किया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके दोहों-विचारों से अस्पर्शित रहा हो। अपनी कथनी और करनी से मृतप्रायः मानव जाति के लिए कबीर ने संजीवनी का कार्य किया। इतिहास गवाह है, इंसान को ठोंक-पीट कर इंसान बनाने की घटना कबीर के काल में, कबीर के ही हाथों हुई।



शायद तभी कबीर कवि मात्र ना होकर युगपुरुष और युगस्रष्टा कहलाए।

महात्मा कबीर सत्व, रज, तम तीनों गुणों को छोड़कर त्रिगुणातीत बन गये थे। उन्होंने निर्गुण रंगी चादरिया रे, कोई ओढ़े संत सुजान को चरितार्थ करते हुए सद्भावना और प्रेम की गंगा को प्रवाहित किया। उन्होंने इस निगुर्णी चदरिया को ओढ़ा है। उन्हें जो दृष्टि प्राप्त हुई है, उसमें अतीत और वर्तमान का वियोग नहीं है, योग है। उन्हें जो चेतना प्राप्त हुई, वह तन-मन के भेद से प्रतिबद्ध नहीं है, मुक्त है। उन्हें जो साधना मिली, वह सत्य की पूजा नहीं करती, शल्य-चिकित्सा करती है। सत्य की निरंकुश जिज्ञासा ही उनका जीवन-धर्म रहा है। वही उनका संतत्व रहा, वही उनकी साधना का अभिन्न अंग रहा। वे उसे चादर की भाँति ओढ़े हुए नहीं हैं बल्कि वह बीज की भाँति उनके अंतस्तल से अंकुरित होता रहा है। कबीर ने सगुण-साकार भक्ति पर जोर दिया है, जिसमें निर्गुण निहित है।

हर जाति, वर्ग, क्षेत्र और सम्प्रदाय का सामान्य से सामान्य व्यक्ति हो या कोई विशिष्ट व्यक्ति हो -सभी में विशिष्ट गुण खोज लेने की दृष्टि कबीर में थी। गुणों के आधार से, विश्वास और प्रेम के आधार से व्यक्तियों में छिपे सद्गुणों को वे पुष्प में से मधु की भाँति उजागर करने में सक्षम थे। परस्पर एक-दूसरे के गुणों को देखते हुए, खोजते हुए उनको बढ़ाते चले जाना कबीर के विश्व मानव या वसुधैव कुटुम्बकम्-के दर्शन का द्योतक है। उन्होंने मन, चेतना, दंड, भय, सुख और मुक्ति जैसे सूक्ष्म विषयों पर भी किसी गंभीर मनोवैज्ञानिक की तरह विचार किया था और व्यक्ति को अध्यात्म की एकाकी यात्रा का मार्ग सुझाया था। कबीर ने लोगों को एक नई राह दिखाई। घर-गृहस्थी में रहकर और गृहस्थ जीवन जीते हुए भी शील-सदाचार और पवित्रता का जीवन जिया जा सकता है तथा आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। वे संसार से भागे नहीं, बल्कि संसार में रहकर सादगी को, संतता को साधा। इसीलिये कबीर एक सामान्य मनुष्य के लिये आशा का द्वार है। संत कबीर का जन्म लहरतारा के पास जेठ पूर्णिमा को हुआ था। उनके पिता नीरू नाम के जुलाहे थे। 119 वर्ष की आयु में उन्होंने मगहर में अपना देह त्यागा। कुछ लोगों का कहना है कि वे जन्म से मुसलमान थे और युवा अवस्था में स्वामी रामानंद के प्रभाव से उन्होंने हिन्दू धर्म की विशेषताओं को स्वीकारा। कबीर ने हिन्दु, मुसलमान का भेद मिटाकर हिन्दू भक्तों तथा मुसलमान फकीरों के साथ सत्संग किया और दोनों की अच्छी बातों को आत्मसात किया। उनके जीवन में कुरान और वेद ऐसे एकाकार हो गये कि कोई भेदरेखा भी नहीं रही। कबीर पढ़े लिखे नहीं थे पर उनकी बोली बातों को उनके अनुयायियों ने लिपिबद्ध किया जो लगभग 80 ग्रंथों के रूप में उपलब्ध है। कबीर ने भाईचारे, प्रेम और सद्भावना का संदेश दिया है। उनके प्रेरक एवं जीवन निर्माणकारी उपदेश उनकी साखी, रमैनी, बीजक, बावन अक्षरी, उलट बासी में देखे जा सकते हैं। कबीर एक ऐसे संत हैं, जिनके लिये पंथ और ग्रंथ का भेद बाधक नहीं। वे दो संस्कृतियों के संगम हैं। उनका मार्ग सहजता है, यही कारण है कि उन्होंने सहज योग का मार्ग सुझाया। वे जाति-पाति के भेदभावों से मुक्त एक सच्चा इंसान, क्रांतिकारी संतपुरुष एवं अनूठे योगी थे। कबीर ने इन क्रांतिकारी शब्दों के जरिये पाखंडियों को ललकारा था लहूलुहान-कबीर बानी अटपटी, सुनकर लागे आग। अज्ञानी जन जल मुए,ज्ञानी जाए जाग। कबीर की वाणी धधकती हुई आग के समान थी, जिस अग्नि में अज्ञानी और पाखंडियों का भस्म होना निश्चित है। संत सज्जन व्यक्तियों का जीवन सुसज्जित तथा उन्हें परम सत्य की प्राप्ति होना सुनिश्चित है। सत्य परम प्रकाश हमारे अंदर है जिसकी प्राप्ति संत कबीर जैसे महापुरुषों के ज्ञान से की जा सकती है।

महात्मा कबीर ने स्वयं को ही पग-पग पर परखा और निथारा। स्वयं को भक्त माना और उस परम ब्रह्म परमात्मा का दास कहा। वह अपने और परमात्मा के मिलन को ही सब कुछ मानते। इसलिए शास्त्र और किताबें उनके लिये निरर्थक और पाखण्ड था, सुनी-सुनाई तथा लिखी-लिखाई बातों को मानना या उन पर अमल करना उनको गंवारा नहीं। इसीलिये उन्होंने जो कहा अपना अनुभव के आधार पर कहा, देखा और भोगा हुआ ही व्यक्त किया, यही कारण है कि उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते थे। कबीर शब्दों का महासागर है, ज्ञान का सूरज है। उनके बारे में जितना भी कहो, थोड़ा है, उन पर लिखना या बोलना असंभव जैसा है। सच तो यह है कि बूंद-बूंद में सागर है और किरण-किरण में सूरज। उनके हर शब्द में गहराई है, सच का तेज और ताप है। संत शिरोमणि कबीर सर्वधर्म सद्भाव के प्रतीक थे, साम्प्रदायिक सद्भावना एवं सौहार्द को बल दिया। उनको हिन्दू और मुस्लिम दोनों ही संप्रदायों में बराबर का सम्मान प्राप्त था। दोनों संप्रदाय के लोग उनके अनुयायी थे। यही कारण था कि उनकी मृत्यु के बाद उनके शव को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। हिन्दू कहते थे कि उनका अंतिम संस्कार हिन्दू रीति से होना चाहिए और मुस्लिम कहते थे कि मुस्लिम रीति से। किंतु इसी छीना-झपटी में जब उनके शव पर से चादर हट गई, तब लोगों ने वहाँ फूलों का ढेर पड़ा देखा। यह कबीरजी की ओर से दिया गया बड़ा ही चमत्कारी और सशक्त संदेश था कि इंसान को फूलों की तरह होना चाहिए- सभी धर्मों के लिए एक जैसा भाव रखने वाले, सभी को स्वीकार्य। बाद में वहाँ से आधे फूल हिन्दुओं ने ले लिए और आधे मुसलमानों ने तथा अपनी-अपनी रीति से उनका अंतिम संस्कार किया। अध्यात्म के महासूर्य कबीर ने कहा है, ढाबुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलया कोय। जो मन खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय। इस दोहे में कबीर ने बताया है कि व्यर्थ में हम किसी दूसरे में दोष क्यों ढूंढ़ने लगते हैं? हमें अपने अंदर झांक कर देखना चाहिए कि कहीं मुझमें कोई गलती तो नहीं। मसि-कागद छुए बगैर ही वह सब कह गए जो श्रीकृष्ण ने कहा, नानक ने कहा, ईसा मसीह ने कहा और मुहम्मद साहब ने कहा। आश्चर्य की बात, अपने साक्ष्यों के प्रसार हेतु कबीर सारी उम्र किसी शास्त्र या पुराण के मोहताज नहीं रहे। न तो किसी शास्त्र विशेष पर उनका भरोसा रहा और ना ही उन्होंने जीवन भर स्वयं को किसी शास्त्र में बांधा। कबीर ने समाज की दुखती रग को पहचान लिया था। वे जान गए थे कि हमारे सारे धर्म और मूल्य पुराने हो गए हैं। नई समस्याएं नए समाधान चाहती हैं। नए प्रश्न, नए उत्तर चाहते हैं। नए उत्तर, पुरानेपन से छुटकारा पाकर ही मिलेंगे। कबीर भारत की उज्ज्वल गौरवमयी संत परंपरा में सर्वाधिक समर्पित एवं विनम्र संत हैं। वे गुरुओं के गुरु हैं, उनका फक्कड़पन और पुरुषार्थ, विनय और विवेक, साधना और संतता, समन्वय और सहअस्तित्व की विलक्षण विशेषताएं युग-युगों तक मानवता को प्रेरित करती रहेंगी।

# मुंबई में लोकल ट्रेन से गिरकर यात्रियों की मौत को रोकना जरुरी



अशोक भाटिया

अभी हाल ही में मुंबई के उपनगर दिवा और मुंब्रा के बीच भीड़ भरी लोकल ट्रेन के दरवाजे पर खड़े कुछ यात्री नीचे गिर गए और कुछ की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। सोमवार को सप्ताह का पहला दिन था जिस दिन मुंबई में उपनगरीय ट्रेनें भीड़ के साथ चलती हैं। मध्य रेलवे के मुंब्रा स्टेशन के पास दो लोकल ट्रेनों के दरवाजे पर खड़े यात्रियों को एक-दूसरे के खिलाफ रगड़ दिया गया। शुरूआत में बताया गया था कि कुछ लोग नीचे गिर गए और हादसा हो गया। इस बात की भी कोई जानकारी नहीं है कि कितने लोग मारे गए या कितने घायल हुए।

दुनिया में कहीं भी इतनी बड़ी संख्या में यात्रियों को ले जाने की क्षमता नहीं होनी चाहिए। रात में चार घंटे को छोड़कर, सीएसटी-चर्चगेट से कर्जत, कसारा, खोपोली, पनवेल और विरार , पालघर, दहानू तक लोकल ट्रेनें चलती हैं।मोनो मुंबईकरों के लिए एक आवश्यक सेवा बन गई है। लोकल ट्रेनें और मेट्रो मुंबईकरों की सांस हैं। फिर, जिस प्रकार इस सेवा को तैयार रखना और चौबीसों घंटे कार्य करना रेलवे के लिए एक चुनौती है, उसी प्रकार यह रेलवे का भी कर्तव्य है। इसी महामुंबई से देश के खजाने में सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है। इसी महानगर से देश को सबसे ज्यादा जीएसटी मिल रहा है। बदले में, रेल मंत्रालय भारी राजस्व चुकाने के बाद भी मुंबईकरों की दैनिक स्थानीय यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए नगण्य सेवाएं प्रदान करता है?

गौरतलब है कि दादर, कुर्ला, घाटकोपर, ठाणे, कलवा, डोंबिवली, कल्याण और अंधेरी, मध्य और पश्चिम रेलवे के वसई-विरार स्टेशनों पर हमेशा भीड़ रहती है। सीएसटी से कर्जत, कसारा, खोपोली, पनवेल आने और जाने वाली लोकल ट्रेनों में हमेशा भीड़ रहती है। इससे भी बदतर, लोकल ट्रेन में यात्रियों की हालत बदतर है। जब कासरा से सीएसटी और सीएसटी से कसारा जाने वाली ट्रेन गुजर रही थी, तो जो लोग दरवाजे पर खड़े थे और एक-दूसरे से चिपके हुए थे, उन्हें रगड़ा गया और उनमें से दर्जनों नीचे गिर गए।दौड़ते हुए लोकल में यात्री अपना संतुलन भी नहीं बना पाए, अन्य लोग नीचे गिरे लोगों को पकड़ या खींच कर वापस कोच में नहीं ला सके। कितने लोग घायल हुए, जिनके हाथ-पैर टूटे, किसने अपनी जान गंवाई, इसका विवरण बाद में आएगा, लेकिन भीड़ भरे लोकल के यात्री एक-दूसरे से रगड़कर नीचे गिर गए। यह समय उन पर क्यों आया? कौन जिम्मेदार है? इसका जवाब कोई नहीं देगा। देश में हर जगह वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू की जा रही है। वंदे भारत ट्रेन का क्रेज बढ़ रहा है, लेकिन मुंबई के इलाकों में रोजाना यात्रा करने वाले लाखों यात्री हवा में उड़ गए हैं। हर दिन, लाखों मुंबईकर काम तक पहुंचने के लिए भीड़-भाड़ वाले इलाकों में ढाई घंटे की यात्रा कर रहे हैं और आजीविका और रोजगार के लिए एक ही भीड़ से शाम और रात घर लौट रहे होते हैं।

बताया जाता है कि मुंबई में लोकल ट्रेन में रोजाना करीब 75 लाख लोग सफर करते है. सेंट्रल रेलवे मुंबई उपनगरीय में 1810 ट्रेनों का संचालन करता है, जिसमें प्रतिदिन 70 लाख पैसेंजर सफर करते है. वहीं वेस्टर्न उपनगरीय 1394 ट्रेनों का संचालन करता है, जिसमें 35 लाख पैसेंजर सफर करते हैं. एक तरफ जहां लाखों की संख्या में यात्री ट्रेनों में सफर करते हैं, उसी तरह हजारों लोगों की मौत भी ट्रेन की घटनाओं में हुई है. मुंबई हाईकोर्ट में दाखिल जवाब के मुताबिक, पिछले 20 सालों में मुंबई में रेल हादसों में 51,802 लोगों की मौत हो चुकी है। मुंबई में ट्रेन हादसों में हर दिन सात से आठ लोगों की मौत हो जाती है, लेकिन उनकी कोई खबर नहीं आती। मुंबई की उपनगरीय रेलवे 'हर दिन कौन रोता है' की स्थिति में है। नए साल 2025 के जनवरी से मार्च के तीन महीनों में मुंबई में ट्रेन हादसों में 663 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 272 की मौत लोकल ट्रेन से गिरने से हुई, जबकि 391 की मौत रेलवे ट्रैक पार करते समय हुई। यह शायद पहली बार हो जब दो लोकल ट्रेनों के यात्री एक-दूसरे पर गिरकर मर गए हों या घायल हुए हों। क्या मुंबई में स्थानीय यात्रा पर किसी का नियंत्रण है? हर ट्रेन में हर लोकल के डिब्बे में बिना टिकट के कई यात्री होते हैं।

सवाल यह है कि भीड़ का दुष्चक्र कब खत्म होगा? स्थानीय यात्रियों के लिए कब है राहत? मुंबईकरों को लोकल ट्रेनों में आराम से यात्रा करने का मौका कब मिलेगा? आम लोग शौक के रूप में स्थानीय यात्रा नहीं करते हैं। लाखों लोग स्थानीय यात्रा की ओर आकर्षित होते हैं क्योंकि वे सस्ते और तेज यात्रा कर सकते हैं। पिछले दो वर्षों में वातानुकूलित स्थानों ने चलना शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे उनकी संख्या बढ़ रही है, गैर-एसी स्थान कम हो रहे हैं। मुंबई में, एसी स्थानों की बहुत मांग है। रेल प्रशासन को इस बात का ध्यान रखना चाहिए।फर्स्ट क्लास कोच में भी बिना टिकट के लोगों की भारी भीड़ होती है, यहां तक कि महिलाओं की भी। उन्हें यकीन है कि उनसे टिकट मांगने कोई नहीं आएगा। बिना टिकट वाले यात्री पास धारकों के लिए रोज की परेशानी बने हुए हैं, लेकिन रनिंग लोकल में कोच में आकर टिकट चेकिंग लगभग बंद हो गई है। गंदे पोखर लगाकर बॉक्स को साफ करने का नाटक करने वाले लोगों की भारी भीड़ है। हाथों में बच्चा लेकर भीख मांगने वाले भी बड़ी संख्या में लोग हैं। ये सभी लोग स्टेशन कैसे पहुंच सकते हैं, लोकल में कैसे चढ़ सकते हैं? वह सिस्टम कहां है जो उन्हें रोकता है, हटाता है और कार्रवाई करता है। पर्स बीनने वालों और मोबाइल चोरों के गिरोह भी भीड़ में सुराग तलाश रहे हैं। लेकिन जहां उन्हें रेलवे पुलिस का डर नहीं दिखता। दर्जनों यात्री इसलिए गिर गए क्योंकि वे मुंब्रा में भीड़ को संतुलित नहीं कर पाए, अगर इस भीड़ को नियंत्रित नहीं किया गया तो ऐसे हादसे होते रहेंगे। मुंबई की लाइफलाइन सुरक्षित है। वैसे बताया जाता है कि मुंबई लोकल में सोमवार को हुए हादसे के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) टीम के साथ इमरजेंसी मीटिंग की। इसमें मुंबई के लिए अब जो भी नॉन एसी लोकल ट्रेन आएंगी। उन सभी में दिल्ली मेट्रो की तरह ऑटोमेटिक गेट लगाए जाएंगे। साथ ही मौजूदा समय में चल रही लोकल के गेटों को स्वचालित गेटों से बदला जाएगा। लेकिन मीटिंग में एक बात यह भी सामने आई कि अगर मुंबई लोकल की नॉन एसी ट्रेनों में ऑटोमेटिक गेट लगा दिए गए तो अंदर डिब्बों में घुटन अधिक हो जाएगी। जिससे यात्रियों को दम घुटने जैसी परेशानी हो सकती है।

ऐसे में तय किया गया कि मुंबई लोकल के लिए जो नॉन एसी ट्रेन बनाई जाएंगी। वह ना केवल ऑटोमेटिक गेटों वाली होंगी। बल्कि उन्हें इस तरह से डिजाइन किया जाएगा। ताकि उनमें वेंटिलेशन का पूरा साधन हो। यात्रियों को लोकल में दम ना घुटे और वह हवादार हों। इसके लिए थ्री स्टेप योजना बनाई गई है। जिसमें ट्रेनों के कोच को हवादार बनाया जाएगा। रेलवे मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस मामले में लंबी चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि मुंबई उपनगरीय सेवाओं के लिए जो भी नॉन एसी लोकल ट्रेन आएगी। उसके ऑटोमेटिक गेटों पर लूवर्स होंगे। यानी गेटों पर इस तरह की पट्टियां लगाई जाएंगी। जो हवा और रोशनी को तो कोच के अंदर आने देंगी, लेकिन बारिश और सूरज की सीधी रोशनी को आने से रोकेंगी।

यह भी तय हुआ कि अलावा मुंबई लोकल ट्रेन के कोचों की छतों पर वेंटिलेशन यूनिटस लगाई जाएंगी। जो डिब्बों के अंदर ताजी हवा को खीचेंगी। इसके अलावा तीसरे स्टेप पर सारे कोच आपस में कनेक्ट होंगे। जिससे की यात्री एक कोच से दूसरे कोच में आ जा सकेंगे। जिससे भीड़ अपने आप से काफी हद तक संतुलित हो सकेगी। डिब्बों की विंडो भी और अधिक हवादार बनाई जाएंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अन्य अधिकारी समेत आईसीएफ टीम इस नतीजे पर पहुंची कि इस तरह की ट्रेन तैयार की जा सकती है। इसे युद्ध स्तर पर बनाने के लिए ग्रीन सिग्नल भी मिल गया। जिसमें इस नए डिजाइन की पहली ट्रेन इसी साल नवंबर 2025 तक बनकर तैयार करने का दावा किया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इसके बाद जरूरी ट्रायल और सर्टिफिकेट के बाद इस नई हवादार और नए डिजाइन वाली नॉन एसी लोकल अगले साल जनवरी 2026 तक यात्रियों को अपनी सेवाएं देना शुरू कर देगी। यह ट्रेन उन 238 एसी ट्रेनों के अतिरिक्त होंगी। जिनका निर्माण मुंबई उपनगरीय सेवाओं के लिए किया जा रहा है।

वसई रोड यात्री संघ के महामंत्री अशोक भाटिया का कहना है कि जो कुछ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) टीम के साथ इमरजेंसी मीटिंग में तय किया है वह प्रत्यक्ष दिखाई दे तो ठीक नहीं तो ऐसा न हो कि हाल की घटना का दर्द कम होने पर तय योजनाएं कागज का पुलिंदा न बन कर रह जाये ।

# रिश्तों के लाश पर खड़ा आधुनिक प्रेम



-डॉ. सत्यवान सौरभ

**रिश्ते, भ्रम और हत्या इंदौर के राजा की मेघालय में हनीमून के दौरान हत्या, उसकी नवविवाहिता पत्नी द्वारा प्रेमी संग मिलकर की गई निर्मम साजिश, आधुनिक प्रेम की भयावह हकीकत बन गई। यह घटना न केवल व्यक्तिगत विश्वासघात है, बल्कि सामाजिक मूल्यों, भावनात्मक अपरिपक्वता और विवाह संस्थान की खोखली होती जा रही नींव का संकेत है। सनसनी के बजाय संवेदना जरूरी है। यह हत्याकांड रिश्तों की शिक्षा, संवाद और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर विमर्श की माँग करता है। यह सिर्फ एक हत्या नहीं, समाज के गिरते रिश्तों का आईना है।**

इंदौर के राजा और मेघालय की सोनम के हनीमून पर हुई हत्या की घटना न केवल व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि सामाजिक, नैतिक और मानसिक स्तर पर गहरी चिंता पैदा करती है। यह अपराध आधुनिक प्रेम और विवाह संबंधों में फैलते अविश्वास और स्वार्थ की भयावह तस्वीर पेश करता है। साथ ही, मेघालय जैसे पर्यटन स्थलों की छवि भी प्रभावित होती है। ऐसी घटनाएँ भावनात्मक शिक्षा, रिश्तों में पारदर्शिता और समाज के नैतिक मूल्यों की पुनर्समीक्षा की मांग करती हैं।

भारत के सामाजिक परिदृश्य में प्रेम, विवाह और रिश्तों को पवित्र बंधन माना जाता रहा है। लेकिन जब हनीमून जैसी कोमल, सुंदर और विश्वास से भरी यात्रा हत्या का मंच बन जाए, तो यह सिर्फ एक अपराध नहीं होता, यह पूरे समाज की अंतरात्मा पर चोट करता है। इंदौर के राजा और मेघालय की सोनम का हनीमून मर्डर केस केवल एक युवक की जान नहीं ले गया, उसने नॉर्थ ईस्ट की छवि को भी कलंकित किया, टूरिज्म सेक्टर पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए और सबसे बड़ी बात – विश्वास की नींव पर टिके रिश्तों को ध्वस्त कर दिया।

इंदौर निवासी युवक राजा की शादी हाल ही में सोनम नामक युवती से हुई। नवविवाहित जोड़ा हनीमून मनाने मेघालय पहुंचा। वहाँ की खूबसूरत वादियों, शांत झीलों और पहाड़ी रास्तों के बीच ऐसा कुछ हुआ जिसकी कल्पना कोई नहीं कर सकता था। हनीमून के बहाने सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम भी दे डाला।

शुरूआत में राजा का गायब होना एक दुर्घटना माना गया। लेकिन जब पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई, मोबाइल लोकेशन, चैट्स, बैंक ट्रांजैक्शन और सीसीटीवी फुटेज सामने आए, तब जाकर पूरी साजिश बेनकाब हुई।

सवाल यह है कि एक नवविवाहिता ऐसा क्यों करती है? जवाब आसान नहीं है, पर चिंतन जरूरी है। यह मामला केवल व्यक्तिगत धोखा नहीं, समाज की उस बनती मानसिकता का भी परिणाम है, जिसमें रिश्तों में धैर्य, संवाद और समर्पण की जगह जल्दबाजी, लालच और अवसरवाद ने ले ली है।

सोनम पहले से एक अन्य युवक से प्रेम करती थी, और राजा से विवाह सिर्फ परिवार या आर्थिक मजबूरियों के चलते हुआ। लेकिन विवाह के बाद भी उसने उस प्रेमी को छोड़ा नहीं, बल्कि पति को रास्ते से हटाने की योजना बना डाली। आज के दौर में रिश्तों की शुरूआत इंस्टाग्राम और स्नैपचैट से होती है, और अंत क्राइम पेट्रोल या पुलिस स्टेशन पर। भावनात्मक गहराई, एक-दूसरे को समझने का समय और परख की प्रक्रिया लगभग न के बराबर रह गई है।

विवाह को लेकर जिस जल्दबाजी और सामाजिक दबाव की संस्कृति बन गई है, उसमें युवक-युवती को खुद की इच्छाओं और संबंधों को समझने का समय ही नहीं मिलता। भावनात्मक अपरिपक्वता, आत्मकेंद्रित निर्णय और रिश्तों के प्रति गैर-जिम्मेदारी, इन सबका सम्मिलन इस हत्याकांड जैसी घटनाओं को जन्म देता है।

यह घटना मेघालय के खूबसूरत पर्यटन स्थलों जैसे शिलॉन्ग, चेरापूंजी, डावकी, उमगोट नदी आदि की छवि पर भी असर डाल गई। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने इसे मेघालय हनीमून मर्डर केस कहना शुरू कर दिया, जिससे नॉर्थ ईस्ट राज्यों के प्रति अनावश्यक संदेह और डर का वातावरण बन रहा है।

लेकिन प्रश्न यह हैः क्या एक महिला की निजी आपराधिक साजिश पूरे क्षेत्र को बदनाम कर सकती है? उत्तर है – नहीं। यह वही मानसिकता है जो किसी मुस्लिम अपराधी को देख पूरे धर्म पर टिप्पणी कर देती है, या किसी एक दलित व्यक्ति के कारण पूरी जाति को दोषी ठहराती है। यह सोच भी उतनी ही खतरनाक है जितनी खुद वह घटना।

शादी अब समझौता नहीं, सौदा बन रही है। प्रेम अब समर्पण नहीं, स्वार्थ बन गया है। और भरोसा अब भावना नहीं, बिजनेस जैसा व्यवहार हो गया है। जिस तरह से सोनम ने योजनाबद्ध तरीके से पति की हत्या की, वह दिखाता है कि क्रूरता अब हथियार से नहीं, रिश्तों के माध्यम से भी हो रही है।

मीडिया ने इस घटना को सनसनीखेज ढंग से दिखाया। शीर्षक आए–हनीमून बना हत्याकांड का अड्डा बेवफा बीवी की खूनी प्लानिंग राजा गया, सोनम हँसी

लेकिन इन सुर्खियों के पीछे की वास्तविक पीड़ा, राजा के माता-पिता का दुःख, और समाज में बनती विडंबनाओं की चर्चा लगभग नदारद रही। सोशल मीडिया पर भी मामला जल्दी ही मेमे और चुटकुलों का विषय बन गया –पूरा नॉर्थ ईस्ट सोनम की बेवफाई से बदनाम हो गया। हनीमून पर जाने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी कर लो। यह हास्य के नाम पर एक मानवीय त्रासदी का उपहास है। कुछ लोग कह सकते हैं कि यह एक अलग-थलग मामला है। लेकिन सच यह है कि ऐसे रिश्ते-जनित अपराध बढ़ रहे हैं। कहीं पति पत्नी को दहेज के लिए मार रहा है। कहीं पत्नी प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर रही है। कहीं दोनों मिलकर बच्चों को मार डालते हैं। यह सब संकेत हैं – कि हमारा समाज कहीं न कहीं भावनात्मक पतन, सामाजिक अस्थिरता और नैतिक विघटन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में अब सवाल समाधान का है।

स्कूलों और कॉलेजों में सिर्फ करियर या डिग्री की बात न हो, बल्कि भावनात्मक बुद्धिमत्ता, रिश्तों की समझ, संवाद की कला और वैवाहिक जीवन की जिम्मेदारियों की चर्चा हो। जैसे स्वास्थ्य चेकअप होता है, वैसे ही शादी से पहले मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग अनिवार्य हो। सोशल मीडिया को ऐसी घटनाओं को सनसनी नहीं, संवेदना के साथ पेश करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। परिवारों को संवादशील बनना होगा, ताकि युवा खुलकर अपनी उलझनों को साझा कर सकें।

जब एक युवती अपने पति की हत्या करती है, तो हम उसे ₹डायनर₹, ₹खूनी₹, बेवफा कह देते हैं – और सही भी है, अगर वह दोषी है। लेकिन क्या हमने कभी उन हजारों बेटियों की सुध ली जो दहेज, बलात्कार, या मारपीट में मर जाती हैं? क्या हम अपराध को सिर्फ लिंग के आधार पर देखेंगे या सिद्धांतों और संवेदनाओं के आधार पर? राजा की हत्या कोई फिल्मी सस्पेंस नहीं, यह हकीकत है। एक मां का बेटा गया, एक बहन का भाई और एक परिवार की खुशियाँ छिन गईं। वहीं दूसरी ओर – एक राज्य बदनाम हो गया, और पूरे पर्यटन क्षेत्र पर प्रश्नचिन्ह लग गया। हम इस घटना को केवल एक अपराध के रूप में न देखें, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी के रूप में लें। यह हमें बताती है कि अब वकह्नत आ गया है – जब हमें केवल रिश्ते जोड़ने की नहीं, उन्हें निभाने की शिक्षा भी देनी होगी।

# भारतीय अर्थव्यवस्था को भारतीय रिजर्व बैंक के दो महत्वपूर्ण तोहफे

वैश्विक स्तर पर विश्व के कई देशों में आर्थिक गतिविधियों पर संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में तो श्री डॉनल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से नित नई घोषणाएं की जा रही है। कभी टैरिफ को बढ़ाया जा रहा है तो कभी टैरिफ को लागू करने की तारीखों में परिवर्तन किया जा रहा है तो कभी टैरिफ को कम किया जा रहा है। कुल मिलाकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। अभी हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति श्री ट्रम्प एवं अमेरिका के एक महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली मंत्री श्री एलान मस्क के बीच युद्ध छिड़ गया है एवं अब वे एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था का इन सब बातों से बहुत नुक्सान होता हुआ दिखाई दे रहा है। बेरोजगारी भत्ता लेने वाले नागरिकों की संख्या में वृद्धि हो रही है, अमेरिकी कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छंटनी पर विचार किया जा रहा है एवं आर्थिक विकास दर कम हो रही है। दूसरी ओर, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म होने के आसार अभी भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक तरह से इजराईल, हम्मास के बीच युद्ध अभी भी जारी ही है। चीन एवं अमेरिका के बीच में आई खटास भी कम होने का नाम नहीं ले रही है।

वैश्विक स्तर पर इन समस्त घटनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था नित नई ऊचाईयों को छूने की ओर अग्रसर है। भारत में नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रति कटिबद्ध हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों के उपक्रम एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियां देश के आर्थिक विकास को गति देने में अपने प्रयास लगातार तेज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 6 जून 2025 को द्विमासिक मुद्रा नीति की घोषणा करते हुए, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से, दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक, रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6 प्रतिशत की दर से नीचे लाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया है। केलेंडर वर्ष 2025 में रेपो दर में यह लगातार तीसरी कटौती की गई है एवं कुल मिलाकर रेपो दर में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा चुकी है। फरवरी 2025 एवं अप्रेल 2025 घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से रेपो दर में दोनों बार 25 आधार बिंदुओं की कमी की गई थी। रेपो दर उस दर को कहते हैं, जिस दर पर भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न बैंकों को आवश्यकता पड़ने पर ऋण उपलब्ध कराता है एवं विभिन्न बैंक रेपो दर को आधार दर बनाते हुए इस दर पर कुछ आधार बिंदु (जमाराशि की लागत एवं लाभ की राशि का समायोजन करते हुए) जोड़ते हुए, ब्याज की दर पर, अपने ग्राहकों को ऋणराशि उपलब्ध कराते हैं।

दूसरे, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात में सीधे ही 100 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4 प्रतिशत की दर से घटाकर 3 प्रतिशत की दर पर ला दिया है। इससे, भारत में बैकों के पास 2.5 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से उपलब्ध हो जाएगी एवं सिस्टम में तरलता बढ़ जाएगी। नकद आरक्षित अनुपात उस अनुपात को कहते हैं, जिस पर विभिन्न बैंकों को अपने मांग एवं जमा देयताओं की राशि पर इस अनुपात की दर से नकदी राशि भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा करानी होती है। अतः यह राशि इन बैंकों की पहुंच से बाहर हो जाती है एवं ऋण के रूप में इसे बैंक के ग्राहकों को उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। यदि नकद आरक्षित अनुपात को कम कर दिया जाता है तो बैंकों के पास यह राशि ऋण के रूप में प्रदान करने के लिए उपलब्ध हो जाती है। इससे स्पष्टतः बैंकों की लाभप्रदता में सुधार होता है।

भारतीय रिजर्व बैंक के उक्त महत्वपूर्ण दोनों निर्णयों से वैश्विक स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भारत में उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करने में सहायता मिलेगी क्योंकि बैंक अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली ऋणराशि पर ब्याज दरों को कम करेंगे। इससे, विशेष रूप से व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, आदि सस्ते होंगे और अब प्रति माह ग्राहकों द्वारा इन ऋणों पर अदा की जाने वाली मासिक किश्त की राशि में कमी आएगी और इन नागरिकों के पास खर्च करने के लिए अतिरिक्त राशि उपलब्ध होने लगेगी, जिसे वे अन्य पदार्थों को खरीदने में खर्च कर सकेंगे। साथ ही, ऋण पर ब्याज राशि कम होने से विभिन्न उत्पादक कम्पनियों की लाभप्रदता में वृद्धि होगी क्योंकि उन्हें अब बैंकों से लिए गए ऋण पर कम ब्याज देना होगा। लाभप्रदता में होने वाली इस अतिरिक्त वृद्धि के चलते यह कम्पनियां अपनी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के बारे में गम्भीरता से विचार करेंगी क्योंकि उत्पादों की होने वाली मांग में वृद्धि की पूर्ति जो करनी है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जून 2025 माह में घोषित मौद्रिक नीति को अर्थशास्त्रियों एवं बैंकिंग जगत के विशेषज्ञों द्वारा हाल ही के वर्षों में घोषित की गई सबसे बेहतरीन मौद्रिक नीति माना जा रहा है। इस मौद्रिक नीति को भारत के शेयर बाजार ने भी दिनांक 6 जून 2025 को त्वरित सकारात्मक उत्तर दिया और निफ्टी एवं सेन्सेक्स में एक प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। ब्याज दरों से जुड़े क्षेत्रों विशेष रूप से बैंकिंग, रीयल एस्टेट एवं ऑटो क्षेत्र की कम्पनियों के शेयरों में जोरदार उछाल देखने को मिला है। दरअसल अधिकतर अर्थशास्त्री रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं की उम्मीद कर रहे थे परंतु भारतीय रिजर्व बैंक ने 50 आधार बिंदुओं की कमी की घोषणा करते हुए अपनी आक्रात्मक नीति का परिचय दिया है। अतः रेपो दर में उम्मीद से अधिक कटौती होने पर निवेशकों का भारतीय कम्पनियों, विशेष रूप से वे कम्पनियां जो घरेलू मांग एवं ऋण पर निर्भर रहती हैं, पर भरोसा बढ़ा है।

भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता एवं उत्पादों की बिक्री में लगातार हो रहे तेज सुधार के चलते इन भारतीय कम्पनियों की साख अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी बढ़ेगी। आगे आने वाले समय में यह कम्पनियां बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वरूप भी ले सकती हैं। और फिर, ब्याज दरों में लगातार की जा रही कमी के चलते इन कम्पनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की उत्पादन लागत भी कम होगी जिससे इन कम्पनियों के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। हां, भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने स्टैन्स को अकोमोडेटिव से न्यूट्रल जरूर कर दिया है जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में आगे आने वाले समय में आवश्यकता पड़ने पर बढ़ौतरी कर सकता है। जबकि अकोमोडेटिव स्टैन्स में रेपो दर में केवल कमी करने की सम्भावना निहित रहती है। परंतु, आगे आने वाले समय में यदि मंहगाई की दर पर नियंत्रण बना रहता है जिसकी सम्भावना भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी की गई है और औसत मंहगाई दर के अनुमान को 4 प्रतिशत से घटाकर 3.70 प्रतिशत कर दिया गया है। अतः बहुत सम्भव है कि भारतीय रिजर्व बैंक को न्यूट्रल स्टैन्स के बावजूद रेपो दर में कमी ही करनी पड़ सकती है।

कुल मिलाकर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मंहगाई की दर में आई कमी एवं विकास दर में आई सुस्ती को देखते हुए रेपो दर एवं नकद आरक्षित अनुपात में आक्रात्मक रूप से की गई कटौती को एक सक्रिय निर्णय कहा जा सकता है। इससे अर्थव्यवस्था में खपत एवं निवेश को बढ़ावा मिलेगा, उत्पादों की मांग में वृद्धि होगी, उद्योग जगत अपनी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से अपने पूंजीगत

## उच्च शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील का कृपाशंकर सिंह ने किया सम्मान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र के उच्च एवं तंत्र शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील का आज जन्मदिन है। सुबह से मिल रही लगातार बधाइयों और शुभकामनाओं के बीच पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर का प्रतिरूप देकर उनका सम्मान किया तथा उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर ठाकुर कॉलेज समूह के चेयरमैन वी के सिंह उपस्थित रहे। कृपाशंकर सिंह ने महाराष्ट्र में उच्च तथा तंत्र शिक्षा में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा स्वस्थ दीर्घायु की कामना की। चंद्रकांत पाटील ने जन्मदिन पर किए गए सम्मान के लिए कृपाशंकर सिंह को धन्यवाद दिया।

## सीआईएसएफ और एसबीआई के बीच समझौता



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच तीन साल के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इसके तहत सीआईएसएफ के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को विशेष बैंकिंग और वित्तीय लाभ प्रदान किए जाएंगे। मुख्य लाभ और सुविधाएं 50 लाख तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा (मृत्यु कवर) जीरो बैलेंस खाता और मुफ्त डेबिट कार्ड एसबीआई एटीएम पर असीमित लेनदेनअन्य बैंकों के एटीएम पर प्रति माह 10 मुफ्त ट्रांजेक्शन मुफ्त डिमांड ड्राफ्ट और ऑटो स्वीप सुविधा बैंक लॉकर किराए पर 10% की छूट समझौते पर हस्ताक्षर नई दिल्ली स्थित सीआईएसएफ मुख्यालय में सोमवार को उप महानिरीक्षक रेखा नांबियार और एसबीआई की महाप्रबंधक रंजना सिन्हा ने समझौते पर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य सीआईएसएफ कर्मियों को बेहतर वित्तीय सेवाएं और सुरक्षा प्रदान करना है।

## अवैध निर्माण पर चला मनपा के बुलडोजर




**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** तारकेश्वर पांडे मीरा भायंदर काशीमीरा प्रभाग क्रमांक 6 में बड़े पैमाने पर हो रहा है ठेकेदारों वो भूमाफिया द्वारा अवैध बांध काम वो रूम का निर्माण जिसपर अतिक्रमण विभाग मनपा अधिकारी श्रीमती प्रियंका भोसले के निर्देश वो मार्गदर्शन में तोडक कारवाई किया गया, जिसमें मांडवी पाड़ा, ढाचकुल पाड़ा काजू पाड़ा में प्रभाग अधिकारी व साफ सुथरा तेज तर्रार ईमानदार छवि रखनेवाली प्रभाग अधिकारी श्रीमती प्रियंका भोसले के निर्देश पर यह कारवाई किया गया। उनसे सवाल पूछे जाने पर अधिकारी ने बताई कि नियम अनुसार निरंतर कारवाई होती रहेगी। अब आगे देखना यह होगा कि अधिकारी श्रीमती प्रियंका भोसले ने बांध काम पर अंकुश लगा पाती है या फिर ऐसे ही चलता रहेगा अवैध कारोबार।

## पेटीएम ने पर्सनलाइज्ड यूपीआई आईडी सुविधा पेश की

**मुंबई।** पेटीएम ने पर्सनलाइज्ड यूपीआई आईडी पेश की है, जिससे गोपनीयता को बेहतर बनाया गया है और मोबाइल पेमेंट करने का अधिक लचीला तरीका प्रदान किया गया है। यह प्रगति कंपनी की यह प्रतिबद्धता दर्शाती है कि वह रोजमर्रा के डिजिटल पेमेंट्स को सरल और सुरक्षित बनाना चाहती है। यह नई पेशकश नाम@पीटीएस या नाम@पीटीएक्सिस जैसी पर्सनलाइज्ड यूपीआई आईडी चुनने की अनुमति देती है, जिससे व्यक्ति बिना अपना मोबाइल नंबर बताए पैसे भेज और प्राप्त कर सकते हैं। यह वर्तमान में यस बैंक और एक्सिस बैंक द्वारा जारी किए गए हैंडल्स पर लाइव है और जल्द ही अन्य बैंकिंग भागीदारों तक विस्तारित की जाएगी।

चाहे आप किसी दुकानदार को पेमेंट कर रहे हों, किसी डिलीवरी कार्यकारी के साथ भुगतान निपटा रहे हों, या किसी नए वेंडर को पैसा ट्रांसफर कर रहे हों, पेटीएम भारत में सबसे विश्वसनीय और सुरक्षित भुगतान का तरीका बना हुआ है। पर्सनलाइज्ड यूपीआई आईडी के साथ, पेटीएम अब और अधिक गोपनीयता प्रदान करता है। जब कोई उपयोगकर्ता अपनी पर्सनलाइज्ड यूपीआई आईडी का उपयोग करके पैसा भेजता या प्राप्त करता है, तो उसका मोबाइल नंबर लेनदेन विवरण से छिपा रहता है। यह व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करता है, साथ ही उपयोगकर्ताओं को एक अद्वितीय और आसानी से पहचान योग्य भुगतान पहचान बनाने की अनुमति देता है। यह एक सहज अनुभव है, जिसे विश्वास, सुरक्षा और रोजमर्रा की सुविधा के लिए बनाया गया है। पेटीएम प्रवक्ता ने कहा, हमने पेमेंट्स में अधिक विकल्प और गोपनीयता प्रदान करने के लिए पर्सनलाइज्ड यूपीआई आईडी पेश की है। हमने अपने ग्राहकों से फीडबैक सुना, जो अपने मोबाइल नंबर को निजी रखना चाहते थे, और इस जरूरत को पूरा करने के लिए यह समाधान तैयार किया। हम ऐसे विचारशील नवाचारों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो पेमेंट्स को सभी के लिए अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाते हैं।

# विद्यार्थी गुणगौरव समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** कुणबी समाजोन्नती संघ, पालघर तथा कुणबी शिक्षक विकास मंच के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थी गुणगौरव समारोह का आयोजन बोईसर के डॉन बॉस्को स्कूल सभागार में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं के होनहार विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज के उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया।

समारोह की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक चंद्रकांत नारायण घरत (नि. दहिसर) ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी शैक्षणिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं और समाज के उत्थान के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हम सब समाज का हिस्सा हैं, और समाज के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। शिक्षा, संस्कृति, रोजगार व खेल क्षेत्र में भी हमें संगठित प्रयास करने होंगे।

मुख्य वक्ता विवा कॉलेज, विरार की प्रा. डॉ. शुभम राजेश पाटील (नि. नवली) ने एसडबल्यूओटी विश्लेषण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मचिंतन करते हुए अपनी ताकत व कमजोरियों की पहचान कर, अवसरों का लाभ उठाने और संभावित जोखिमों से सतर्क रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में समाज के विशिष्ट शिक्षकों में प्रा. डॉ. धीरज राऊत, सोनोपंत दांडेकर कनिष्ठ महाविद्यालय, पालघर, प्रा. डॉ चिन्मयी दिपेश चुरी, गोखले शिक्षण संस्था, बी.एड. कॉलेज, परेल, मुंबई, प्रीतम यशवंत घरत, अध्यक्ष,



जिला कला अध्यापक मंडल, संजीला राऊत, तहसील पुरस्कार विजेता, जि.प. विद्यालय, कुरगाव, प्रणिता हतोश राऊत, जि.प. विद्यालय, कुडण, मुख्याध्यापक नरेंद्र रामचंद्र घरत, डॉ. स.दा. वर्तक विद्यालय, हिंदी माध्यम, बोईसर, प्रज्ञा पाटील, प्राथमिक विभाग, सी.टी.ई.एस. विद्यालय को शॉल, स्मृतिचिन्ह, पुष्पगुच्छ व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

डॉ. धीरज राऊत ने अपने उत्तर भाषण में कहा, गुणों के आधार पर चयन तो होता है, लेकिन निरंतर मेहनत, धैर्य और लक्ष्य निर्धारण से कोई भी छात्र ऊँचाइयों तक पहुंच सकता है। डॉ. चिन्मयी चुरी ने उच्च शिक्षा को आवश्यक बताते हुए कहा, शिक्षा कभी व्यर्थ नहीं जाती। आत्मविश्वास रखें और परिश्रम करें, सफलता अवश्य मिलेगी। इस वर्ष दसवीं कक्षा के गुणगौरव प्राप्त विद्याथीर्यों में प्रथम स्थान तीर्थ भारतभूषण घरत (96%) नि. नवली, द्वितीय स्थान जतन विशाल घरत (95.80%) नि. नवली, तृतीय स्थान साची सचिन घरत (95.60%) नि. पास्थल तथा बारहवीं कक्षा के विज्ञान शाखा के आर्य आनंद राऊत (86%) सीबीएसई बोर्ड, नि. अक्करपट्टी, वाणिज्य शाखा के जिज्ञास प्रीतम चुरी झ नि. दहिसर, कला शाखा के कनवी भालचंद्र घरत झ नि. धनसार के नाम शामिल हैं।

ज्ञात हो कि इन विद्यार्थियों को दिवंगत समाजसेवी स्व. राजन किडू घरत (नि. धनसार) की स्मृति में, उनके द्वारा संघ को प्रदान की गई निधि के व्याज से नकद पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम में प्रणित सदाशिव पाटील, मनोज चिंतामण घरत, अतुल घरत आदि ने समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## आचार्य पवन त्रिपाठी ने अपने घर पर किया मुख्यमंत्री का सम्मान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जनता के साथ-साथ पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और निजी संबंधों का भी विशेष ध्यान रखते हैं।

यही कारण है कि अत्यंत व्यस्तता के बावजूद वे समय निकालकर अपने लोगों से मुलाकात कर ही लेते हैं। बीती रात वे श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष तथा भाजपा के मुंबई उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी के गोरेगांव स्थित आवास पर पहुंच गए, जहां उन्होंने न सिर्फ रात्रि भोज किया अपितु उनके परिवार जनों से भी पारिवारिक माहौल में बातचीत की। आचार्य पवन त्रिपाठी ने विघ्नविनाशक गणपति बप्पा की मूर्ति और पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया। आचार्य पवन त्रिपाठी तथा उनके परिवार जनों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

# विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर डॉ. विंदा भुस्कुटे द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन संपन्न

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर अक्षरमंच सामाजिक संस्कृति प्रतिष्ठान के अखंड वाचन यज्ञ के अंतर्गत डॉ. विंदा भुस्कुटे द्वारा लिखित पुस्तक ' डोळ्यांवर बोलू काही का विमोचन कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड़ द्वारा किया गया। पुस्तक का अभिनंदन करते हुए अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड़ ने कहा, डॉ. विंदा भुस्कुटे द्वारा लिखित इस छोटी सी पुस्तक ने आँखों के विषय के विभिन्न पहलुओं पर इस तरह से प्रकाश डाला है जिसे बच्चे भी समझ सकते हैं। बच्चों की तरह परिवार के हर सदस्य को यह पुस्तक पढ़नी चाहिए और दृष्टिदान के विषय को



फैलाना चाहिए।₹ इस अवसर पर पुस्तक की लेखिका एवं शिक्षाविद् डॉ. विंदा भुस्कुटे, अंगदान आंदोलन के प्रवर्तक एवं द फेडरेशन ऑफ ऑर्गन एंड बॉडी डोनेशन के पदाधिकारी नागराजन अय्यर, जायंट्स ग्रुप ऑफ कल्याण मेन के सुरेशभाई सुचक, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका की कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरे, अक्षरमंच सामाजिक संस्कृति प्रतिष्ठान के सचिव एवं संपादक हेमंत नेहते तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे। अखंड वचन यज्ञ के प्रणेता एवं अक्षरमंच सामाजिक संस्कृति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष द्वारा परिकल्पित इस पहल को द फेडरेशन ऑफ ऑर्गन एंड बॉडी डोनेशन, जायंट्स ग्रुप ऑफ कल्याण मेन एवं सहेली ग्रुप का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। संस्था का इरादा इस श्रृंखला में वर्ष भर रक्तदान, अंगदान एवं देहदान विषयों पर पुस्तकें प्रकाशित करने का है। इस पुस्तक पर आधारित स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह पूरी गतिविधि छात्रों के लिए निःशुल्क है और इसमें भाग लेने वाले सभी छात्रों को ई-प्रमाणपत्र दिए जाएंगे तथा अखंड वाचन यज्ञ गतिविधि में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## वटपूर्णिमा के अवसर पर चांदिवली में हजारों महिलाओं को निःशुल्क कटहल वितरित किया गया

**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** पिछले कई वर्षों से चांदिवली विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना विधायक दिलीप (मामा) लांडे ने महाराष्ट्र की संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करने तथा महिलाओं के सौभाग्य की रक्षा करने के उद्देश्य से शनिवार, 7 जून से सोमवार, 9 जून, 2025 तक तीन दिनों के लिए वटपूर्णिमा उत्सव के अवसर पर हजारों महिलाओं को निःशुल्क फणस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया । बता दें कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विधायक दिलीप लांडे ने वटपूर्णिमा उत्सव के अवसर पर चांदिवली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में निःशुल्क फणस वितरित किया। विधायक दिलीप (मामा) लांडे की ओर से



शनिवार, 7 जून, 2025 को वैशाली मैदान, एल.बी.एम. नगर, साकीनाका में वार्ड क्रमांक 161, श्री गणेश मंदिर, गणेशनगर, पंचकुटीर, पवई, तथा एचडीआईएल कॉम्प्लेक्स, वार्ड क्रमांक 164 में निःशुल्क जनेऊ वितरित किया गया। रविवार 8 जून 2025 को प्रीमियर कॉलोनी, कुर्ला पश्चिम में, वार्ड क्रमांक 157 म्युनिसिपल स्कूल, संघर्ष नगर, चांदीवली में, साथ ही वार्ड क्रमांक 158 और 159 झुंजार क्रीड़ा मंडल, परेरवाड़ी, साकीनाका में निःशुल्क जनेऊ वितरित किया गया। सोमवार 9 जून 2025 को वार्ड क्रमांक 160 छत्रपति शिवाजी मैदान, रॉयल मैदान, मिलिंदनगर, असल्फा, तथा शिवाजी विद्यालय, काजूपाड़ा, कुर्ला पश्चिम में वार्ड क्रमांक 162, 163, और 164 की महिलाओं के लिए जनेऊ वितरित किया गया। तीन दिनों तक चले इस निःशुल्क जनेऊ वितरण कार्यक्रम में लगभग 19 हजार महिलाओं को उनकी बहनों को जनेऊ वितरित किए गए। इस अवसर पर चांदिवली विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# करण जौहर की ऑक्सीलाईफ सैलून प्रोफेशनल के साथ साझेदारी

**मुंबई।** डाबर इंडिया के प्रीमियम सैलून स्किनकेयर ब्राण्ड ऑक्सीलाईफ सैलून प्रोफेशनल ने अपनी डर्मा एसेंस रेंज के तहत दो अडवान्स फेशियल ट्रीटेमेन्ट किट लॉन्च किए हैं- इंटेंस ब्राईट और सेंसी-केयर। इसके साथ कंपनी जाने-माने फिल्मनिमार्ता एवं स्टाइल आइकन करण जौहर के साथ एक नया कैंपेन स्किनश्योरेन्स विद ऑक्सीलाईफ भी लेकर आई है। नए सैलून-एक्सक्लुजिव फेशियल किट आधुनिक स्किनकेयर साइंस और डमेटोलोजिस्ट जैसी देखभाल के साथ तुरंत रिजल्ट देते हैं और लम्बे समय तक त्वचा को चमकदार बनाए रखते हैं। इस रेंज के लॉन्च के लिए ऑक्सीलाईफ, बोल्ड एवं डिजिटल-फर्स्ट कैंपेन भी लेकर आया है, जिसमें करण जौहर अपने चेहरे को इंश्योर कराने की बात कहकर दर्शकों का ध्यान अपनी और खींच रहे हैं। करण जौहर का नया कैंपेन स्किनश्योरेन्स विद ऑक्सीलाईफ इस बात पर रोशनी डालता है कि किस तरह चमकदार त्वचा आपको भीतर से आत्मविश्वास देती है। कैंपेन में करण बताते हैं कि ऑक्सीलाईफ के अडवान्स्ड फेशियल ट्रीटमेन्ट्स विज्ञान एवं प्रकृति का संयोजन हैं जो त्वचा की बखूबी देखभाल कर इसे सुरक्षित रखते हैं। यह कैंपेन स्किनकेयर के जरिए आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है और दर्शकों को बताता है कि ऑक्सीलाईफ के प्रोडक्ट्स त्वचा को प्राकृतिक चमक देते हैं। कैंपेन के बारे में बात करते हुए अभिषेक जुगरान, एक्जक्टिव वाईस प्रेजीडेन्ट, मार्केटिंग, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा, ऑक्सीलाईफ सैलून प्रोफेशनल पोर्टफोलियो के तहत अडवान्स्ड फेशियल ट्रीटमेन्ट किट्स की नई रेंज को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। इस लॉन्च के साथ हमने प्रीमियम सैलून स्किनकेयर सेगमेन्ट में अपनी मौजूदगी को और बढ़ा लिया है। यह लॉन्च स्किनकेयर की आधुनिक जरूरतों के अनुसार डमेटोलोजिस्ट-इंस्पायर्ड प्रोफेशनल ग्रेड सोल्ल्युशन्स उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ऑक्सीलाईफ के साथ इस साझेदारी पर बात करते हुए करण जौहर ने कहा, जब मैंने स्किनश्योरेन्स के बारे में सुना, तो मैं समझ गया था कि यह मेरे तरीके का इंश्योरेन्स है! चेहरे की चमक एक असेट है, इसे फुल कवरेज मिलना चाहिए। इस कैंपेन के साथ जुड़कर बहुत अच्छा लगा, जो स्किनकेयर और स्टोरीटैलिंग के संयोजन के साथ एक नई चमक लेकर आता है। डाबर इंडिया लिमिटेड में स्किनकेयर के हैड विराट खन्ना ने कहा, हमारे नए ऑक्सीलाईफ सैलून प्रोफेशनल फेशियल किट्स का लॉन्च सैलून स्किनकेयर को बदलने के लिए तैयार है। वहीं करण जौहर स्किनश्योरेन्स विद ऑक्सीलाईफ कैंपेन में ग्लैमर का तड़का लगा रहे हैं। हमें विश्वास है कि इंस्टेन्ट और लॉन्ग-लास्टिंग रिजल्ट देने वाले हमारे फेशियल किट आज के समझदार उपभोक्ताओं की स्किनकेयर संबंधी जरूरतों को पूरा करेंगे।

## कल्याण स्टेशन परिसर में अनैतिक धंधे व अस्वच्छता के खिलाफ बेमुदत अनशन

- अनैतिक व्यापार बंद मतलब बंद-रानी कपोते, उपोषणकर्ता
- 11 दिनों से जारी है अनिश्चितकालीन आंदोलन

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण स्टेशन परिसर में अवैध धंधे और अस्वच्छता को मुद्दा बनाकर एक अकेली महिला ने पुलिस और महापालिका प्रशासन दोनो के खिलाफ अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया है। बीते 11 दिनों से समाजसेविका रानी दिलीप कपोते स्टेशन परिसर में अनशन पर बैठी है। उन्होंने आरोप लगाया कि 11 दिन हो गए लेकिन प्रशासन ने अभी तक



उनकी मांगों का गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया। इस विषय में रानी कपोते का कहना है कि कल्याण शहर एक ऐतिहासिक शहर है। लेकिन स्टेशन परिसर में जारी अनैतिक व्यापार और गंदगी के चलते शहर की दुर्दशा हो गई है। कपोते ने कहा कि वैश्यावृत्ति, मटका जुगार के अड्डे, नशेड़ी, गरदुल्ले, ड्रग्स की बिक्री, अवैध फेरीवाले, यातायात की समस्या, विकासकार्यों में देरी जैसी अनेक समस्याओं से स्टेशन परिसर घिरा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनियोजित विकास काम एवं प्रशासन की उदासीनता के कारण शहर की हालत खराब है। कपोते ने मांग की है कि स्टेशन परिसर पूरी तरह से साफ होना चाहिए। यहां अनैतिक धंधों पर पूरी तरह से रोक लगाई जानी चाहिए। जबतक यह सब बन्द नही होगा उनका अनशन जारी रहेगा ।

# एनसीपी के स्थापना दिवस पर बोले शरद पवार, कभी नहीं सोचा था पार्टी में दरार आएगी

**मुंबई।** एनसीपी (सपा) प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि 26 साल पहले उनके द्वारा सह-स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन होगा और उन्होंने चुनौतियों के बावजूद इसे आगे बढ़ाने के लिए अपने संगठन के कार्यकताओं की सराहना की। पवार एनसीपी के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसका विभाजन 2023 में होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आप बिना हतोत्साहित हुए पार्टी को आगे ले जाते रहे। पार्टी में विभाजन हुआ। हमने कभी नहीं सोचा था कि पार्टी में विभाजन होगा, लेकिन ऐसा हुआ।




पवार ने कहा कि कुछ लोग दूसरी विचारधाराओं के साथ चले गए और यह विभाजन और बढ़ गया। मैं आज इस बारे में बात नहीं करना चाहता। लेकिन जो लोग पार्टी के प्रति वफादार रहे, वह हमारी पार्टी की विचारधारा के कारण था। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में एक अलग तस्वीर सामने आएगी। जुलाई 2023 में शरद पवार के भतीजे अजित पवार के तत्कालीन शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार में शामिल होने के बाद एनसीपी का विभाजन हो गया। पार्टी का नाम और उसका घड़ी चिह्न अजित पवार गुट को दिया गया, जबकि पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री के नेतृत्व वाले गुट को एनसीपी (शरदचंद्र पवार) नाम दिया गया। वरिष्ठ राकांपा नेता (शरदचंद्र पवार) जयंत पाटिल ने सोमवार को महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की इच्छा जताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि पार्टी नए चेहरों को मौका दे। पाटिल पुणे में राकांपा (सपा) के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जहां पार्टी प्रमुख शरद पवार और अन्य वरिष्ठ नेता मंच पर मौजूद थे। पाटिल ने कहा कि पवार साहब ने मुझे कई मौके दिए। मुझे सात साल का कार्यकाल दिया गया।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हा. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

